<u>जागरूकता रैली द्वारा जल संरक्षण का सन्देश</u>

वो ही समझदार कहलाएगा,

जो अमूल्य जल बचाएगा।

जल है असली सोना,

इसे नहीं तुम खोना।

इन नारों के साथ अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के धर्तीमित्रों ने शहर में जागरूकता रैली निकालकर जल संरक्षण का सन्देश दिया।

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के पर्यावरण क्लब तथा यूथ रैड क्रॉस के तत्वावधान में 'जल संरक्षण : आवश्यकता एवं जल संरक्षण' और 'जल है तो कल है' विषय पर नारा-लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें क्लब के धर्तीमित्रों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया । नारा लेखन में कोमल हेमलता कविता और कीर्ति के स्लोगन अत्यंत सराहनीय रहे।

इसी अवसर पर ज़िला रैड क्रॉस फ़रीदाबाद के सेवानिवृत्त सचिव श्री बी० बी० कथूरिया ने सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों को पानी बचाने के अनेक सरल उपाय बताते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि बूंद-बूंद से घड़ा भरता है और बूंद-बूंद से ही खाली भी होता है, अतः पानी बचाना हमारी जरुरत ही नहीं बल्कि भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षित करना हमारा कर्तव्य भी है । उन्होंने यह भी बताया कि भारत में लगभग 16,000 किसान पानी की कमी झेलते हैं और कुछ क्षेत्रों में लडकियां शिक्षा से इसलिए भी वंचित रह जाती हैं क्योंकि उन्हें सुदूरवर्ती क्षेत्रों से पानी लेकर आना पड़ता है । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने विद्यार्थियों को पानी का महत्व बताते हुए इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन को विद्यार्थियों के लिए रूपांतरण का अवसर बताया । उन्होंने बताया कि समुदाय की सबसे छोटी इकाई व्यक्ति है और व्यक्ति जैसा होगा समाज या राष्ट्र भी वैसा ही होगा । अतः समाज व राष्ट्र के विकास के लिए छात्र-काल में यदि नींव मजबूत होगी तो उस पर सुदृढ़ राष्ट्र रूपी भवन का निर्माण संभव होगा । उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों में संवेदनशीलता जागृत करने का उपक्रम बताया।

पर्यावरण क्लब के इस कार्यक्रम के साथ ही नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद के तत्वावधान में तीन दिवसीय युवा 'नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास ' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ भी हुआ । जिसमें महाविद्यालय के 50 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया। यह प्रशिक्षण शिविर नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद के लेखाकार वासिम वारिस की देख -रेख में अग्रवाल महाविद्यालय के योग क्लब और पर्यावरण क्लब के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है । इस शिविर का विधिवत उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृषणकांत गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया और युवाओं को नेतृत्व की प्रेरणा देते हुए कहा कि समाज व राष्ट्र में परिवर्तन के लिए पहले खुद को बदलना जरुरी है । शिविर में पहले दिन भोजनोपरांत प्रसिद्ध पत्रकार श्री सौरभ भरद्वाज, श्री एस ० पी ० सिंह (सेवानिवृत प्रोफेसर) और श्रीमती नीतू कपूर ने युवा प्रतिभागियों को सम्बोधित किया और उनके भावी जीवन के लिए आवश्यक गुणों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया । इस शिविर और कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती किरण आनंद, डॉ जयपाल सिंह, डॉ० रेखा सैन और डॉ० अशोक निराला द्वारा किया। इस कार्यक्रम में 97 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।